# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश विधानसभा में आज 2025–26 के लिये पेश किया 24 हजार 496 करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट : सदन में वंदेमातरम पर भी हुई चर्चा।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कोडीन कफ सिरप मामले में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : विपक्ष का हंगामा।
3. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मत्रिपरिषद की बैठक में 15 हजार 189 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव को मिली मंजूरी : मिर्जापुर, हरदोई और गौतमबुद्धनगर सहित नौ जिलों में स्थापित होंगी औद्योगिक इकाइयां।

और

4. पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते प्रदेश के अधिकांश जिले ठंड और कोहरे की चपेट में : हवाई, रेल और सड़क यातायात प्रभावित, कई जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित।

———————

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के लिये 24 हजार 496 करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि औद्योगिक विकास के लिये चार हजार 874 कराड़, ऊर्जा क्षेत्र के लिये चार हजार 521 करोड़ रूपये, स्वास्थ्य परिवार कल्याण के लिये 3500 करोड़ रूपये और नगर विकास के लिये एक हजार सात सौ अट्ठावन करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश रेवन्यू सरप्लस स्टेट बना है और बजट में जीएसडीपी भी बढ़ा है।

*आज जो मैं प्रस्तुत कर रहा हूं, यह ₹24,496.98 करोड़ का है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय ₹18,369.30 करोड़ तथा पूंजी लेखे का व्यय ₹6,127.68 करोड़ रुपए है। यह प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष मूल बजट का 3.03ः है। इसमें विशेष रूप से जो हमारे सामने मुख्य–मुख्य बातें हैं, उसके ऊपर फोकस करना चाहता हूं खासतौर से इसमें इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए लिए ₹4,874 करोड़, पावर सेक्टर में ₹4,521 करोड़, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर में ₹3,500 करोड़, नगर विकास में ₹1,758.56 करोड़ और टेक्निकल एजुकेशन में ₹639.96 करोड़ इसके अलावा वीमेन चाइल्ड वेलफेयर इसमें ₹535 करोड़, नेडा में ₹500 करोड़ तथा मेडिकल एजुकेशन में ₹423.10 करोड़ और गन्ना और चीनी मिल में ₹400 करोड़ यह मुख्य–मुख्य बातें हैं।*

विधानसभ में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने कोडीन कफ सिरप के मुद्दे को लेकर हंगामा किया।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने इस मुद्दे पर चर्चा कराये जाने की मांग की। जिसके बाद सपा के सभी

सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्य अतुल प्रधान द्वारा कोडीन सिरप का मामला उठाये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि कोडीन सिरप से प्रदेश में किसी की मौत नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में 134 स्थानों पर छापेमारी की गई और 79 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जायेगा। बाइट...

*कोडीन कप सिरप का मुद्दा जो इन्होंने उठाया है। मुद्दा था नकली दवाओं के सेवन के कारण होने वाली मौतों का और उसके बारे में हमने पहले ही बताया है कि नकली दवा के कारण होने वाले मौत के प्रकरण की कोई कोई भी बात अभी तक शासन के संज्ञान में नहीं आई है और समय–समय पर एफएसडीए विभाग इसको लेकर के छापेमारी करती है, कार्यवाही करती है। यूपी के अंदर कोडीन कप सिरप इसके केवल स्टॉकिस्ट हैं, होलसेलर है। इसका यहां पर प्रोडक्शन नहीं होता है। यह कार्यवाही सरकार ने की है और सरकार ने इसके लिए 79 अभियोग अब तक दर्ज किए हैं। इसमें 225 अभियुक्तों को इसमें नामजद किया है। 78 अभियुक्त अब तक गिरफ्तार हुए हैं। 134 फॉर्म पर एक छापेमारी की कार्यवाही हुई है।*

मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सदन स वॉकआउट किया।

इससे पूर्व सपा के सदस्य समरपाल सिंह ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का प्रश्न उठाया, इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सभी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार और दवायें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपचार के लिये

लोगों को 13 सौ करोड़ रूपये दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विधानसभा में आज वंदेमातरम पर भी चर्चा शुरू हुई। नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदेमातरम की विशिष्टताओं और इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल अतीत की स्मृति न रहे बल्कि हम सब के लिये भविष्य का संकल्प भी बने।

बाइट...

*वंदे मातरम की जो हम बात करते हैं तो वास्तव में यह हम सबके लिए कैसे अंतःकरण से हर भारतीय को एक नई दिशा देता है। यह भाव हमारी भावनाओं के साथ–साथ हमारे कर्तव्यों में भी झलकता हुआ दिखाई देता है। हम लोग इस बात को मानते हैं कि वंदे मातरम का अर्थ केवल मातृभूमि को परिणाम करना नहीं बल्कि यह वचन देना है कि हम उसकी रक्षा करेंगे उसे समृद्ध और गौरवानित बनवाएंगे।*

वंदेमातरम पर हुई चर्चा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना, सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव और जनसत्ता लोकतांत्रिक दल के रघुराज प्रताप सिंह सहित अन्य दलीय नेताओं ने हिस्सा लिया।

———————

उधर विधान परिषद में विपक्ष ने पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षण संस्थाओं से अधिक बिजली बिल वसूली और किसानों की बदहाली का मुद्दा उठाया। पुरानी पेंशन बहाली के समाजवादी पार्टी के डॉक्टर मानपाल सिंह यादव के प्रश्न पर सरकार ने कहा कि एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन प्रणाली लागू की गई है। बिजली बिल वसूली मामले पर ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि विद्युत नियामक

आयोग बिजली की दरे तय करता है वहां आप अपील कर सकते हैं। वहीं किसानों के मुद्दे पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसान हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई मंत्री परिषद की बैठक में 15 हजार 189 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गप्ता नन्दी ने बताया कि प्रदेश को वन टिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिये मिर्जापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ में 15 हजार 189 करोड़ की लागत से मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी में उद्योग स्थापित करने के लिए 12 औद्योगिक इकाइयों को एलओसी जारी की जायेगी।

———————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज फ़तेहपुर में सरस्वती बलिका विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरित की। इसके बाद राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित किया। श्रीमती पटेल ने कहा कि कुरीतियों को दूर करने के लिये महिलाओं को शिक्षित करना जरूरी है। बाइट...

*30 वर्ष से ज्यादा महिलाएं वहां जेल काट रही है, उसका कारण वही है कि उसने दहेज मांगा दहेज नहीं मिला। तो ऐसे जो विवाह समाज में है वह विवाह दूर करने के लिए मुझे लगता है कि शिक्षा एक भी इंपोटेंट नहीं है।*

———————————

लखनऊ के बाद अब प्रयागराज डाक परिक्षेत्र में प्रधान डाकघर की ओर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदेश का दूसरा जेन–जी पोस्ट ऑफिस खोला जा रहा है। यह डाकघर छात्रों, शोधार्थियों और विश्वविद्यालय परिवार को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रधान डाकघर के प्रवर डाक अधीक्षक सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि जेन–जी पोस्ट ऑफिस पूरी तरह आधुनिक होगा। बाइट...

*हमारी जो प्रयागराज पोस्टल डिवीजन है वह एक जनरेशन जैनजी के तहत पोस्ट ऑफिस आइडेंटिफाई किया है जो प्रयागराज यूनिवर्सिटी में इस पोस्ट ऑफिस में हम लोग जो पोस्ट ऑफिस तो पहले से ही थी लेकिन उसको हम लोग मॉडर्नाइजेशन करके उसको जैनजी को जोड़ने के लिए वहां पर अत्याधुनिक सुविधाएं और जो नेक्स्ट जनरेशन की डिमांड है उस हिसाब से पोस्ट ऑफिस को डेवलप किया जा रहा है। वहां पर कैफेटेरिया होगी, पानी और छोटी–मोटी चीजें*

*लाइब्रेरी से संबंधित चीजें होंगी जहां पर बच्चे अपने विजिट टाइम भी बिता सकते हैं और पोस्ट ऑफिस में जो प्रोडक्ट है, उसके बारे में जानकारी करके अपने को कनेक्ट कर सकते।*

——————————

**पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते प्रदेश के कई जिले ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। कोहरे के चलते दृष्टता कम होने के कारण हवाई, रेल और सड़क यातायात पर असर पड़ा है। वहीं ठंड और कोहरे के कारण स्कूलों में पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है। फर्रूखाबाद, रायबरेली और अम्बेडकरनगर में जिला प्रशासन ने 12वीं तक के सभी विद्यालयों में कल तक के लिये अवकाश घोषित किया है।**

**मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में आगामी दो दिनों के लिये घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।**

——————————